# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–10 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सत्रह के पहले जिस प्रदेश में उद्यम लगाना एक सपना था। आज उसी प्रदेश में छानवे लाख एमएसएमई यूनिट फिर से पुनर्जीवित हुई है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों के मैन्युफैक्चरिंग के एक नए केंद्र का उद्घाटन होने जा रहा है।

***इलेक्ट्रिक बसेज उत्तर प्रदेश के अंदर सभी बड़े महानगरों में हमने प्रारंभ कर दी है और उत्तर प्रदेश के अंदर इस महीने हम लोग इलेक्ट्रिक बसेज के मैन्युफैक्चरिंग का भी एक नया केन्द्र एक नये उद्यम का उद्घाटन करने जा रहे हैं। आप अनुमान करिए कि अब उत्तर प्रदेश में ही इलेक्ट्रिक बस बनेंगी।***

मुख्यमंत्री ने लोगों से दीपावली पर स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के अंदर सबसे अधिक जीआई टैग उत्तर प्रदेश के प्रोडक्ट्स को प्राप्त हुए हैं। प्रदेश के कारीगर और हस्तशिल्पियों द्वारा बनाया जाने वाला प्रोडक्ट अब देश और दुनिया में कहीं भी बिक सकता है।

मुख्यमंत्री ने आज गोरखपुर में सरकार के आवासीय परियोजना के तहत ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट्स के आवंटियों को चाबी भी वितरित किया। साथ ही उन्होंने एक सौ अठारह करोड़ लागत की विभिन्न लोक–कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

हमारे गोरखपुर प्रतिनिधि ने बताया कि अपने दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हर फरियादी की समस्या के यथाशीघ्र समाधान का निर्देश दिया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में पूसा परिसर से प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस योजना के तहत सरकार कम उत्पादकता वाले सौ जिलों की पहचान करेगी और उत्पादकता बढ़ाने के लिए लक्षित उपायों को लागू करेगी।

***भारत दालों का सबसे बड़ा उत्पादक भी है, उपभोक्ता भी है, लेकिन सबसे ज्यादा आयात भी भारत ही दालों का करता है तो दलहन के क्षेत्र में अभी हम आत्मनिर्भर नहीं बने हैं। दालों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए दलहन मिशन कृषि और किसान कल्याण विभाग ने बनाया है। इस दलहन मिशन में हमारा लक्ष्य है 2030–31 तक हम दालों के क्षेत्रफल भी बढ़ाएंगे।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की बाइस तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

***नया जीएसटी सुधार किसानों, निर्माताओं और छोटे उद्यमों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। संशोधित कर ढांचे के तहत विभिन्न वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कमी की गई है, जिससे ये वस्तुएँ अधिक किफायती हो गई हैं। ऑटोमोटिव पार्ट्स पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने से वाहन और अधिक किफायती होंगे। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में, कृषि मशीनरी, औजार और उर्वरकों पर जीएसटी दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। समाचार कक्ष से चंद्रशेखर शर्मा।***

**********

अयोध्या के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के पगला भारी गांव में कल हुए विस्फोट से छत गिरने की घटना में मृतकों की संख्या बढ़ कर छह हो गई है। विस्फोट के कारण कल पांच लोगों की मौत हो गई थी। आज मलबा हटाने के दौरान एक और शव बरामद किया गया। वहां के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना का कारण सिलेंडर विस्फोट लग रहा है।

***मौके पर जो प्रथम दृष्टया दिख रहा है की जो किचन के बर्तन होते हैं वो काफी बड़ी मात्रा मे बिखरे हुए हैं। क्षतिग्रस्त हुए हैं और वहां पर ही ये संभवत यह घटना हुई है। वहीं की छत गिरी है।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के लिए संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

**********

आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों से ऐसा वातावरण बनाने का आग्रह किया है, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत की जा सके।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर प्रदेश के अलग–अलग जिलों में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। हमारे कौशांबी प्रतिनिधि ने बताया कि इस अवसर पर आज वहां के महर्षि कॉलेज ऑफ लॉ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से साक्षरता और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में आगामी सोलह अक्टूबर तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

**********